SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

अप्रैल – 2015

इस तरह आपके घर पहुंचती है बिजली



बिजली कटौती की वजह

निर्बाध बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित कराने के लिए बीआरपीएल प्रतिबद्ध है। कुछ बाह्य घटकों की वजह से हमारे प्रयास बाधित होते हैं जिनमें से कुछ तो हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। ये निम्नवत् हैं–

(1) ग्रिड व्यवधान (2) जनरेटिंग यूनिट्स के उपकरणों का ब्रेकडाउन होना (3) ट्रांसमिशन् लाइन और उपकरणों का ब्रेकडाउन होना (4) लाइन क्षमता व्यवधान (5) मेंटीनेंस और अपग्रेड संबंधी कार्यों के लिए डिस्ट्रिब्युशन लेवल पर योजनाबद्ध शट्डाउन (6) जनरेटिंग स्टेशनों में फ्यूल की कमी से विद्युत का कम उत्पादन होना।

कुछ स्थितियों में अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था करने में डिस्कॉम्स् को 24 घंटे का समय लग सकता है। भारत में पावर बिजनेस् का स्वभाव ऐसा ही है।

बीआरपीएल के जीरो बैलेंस अभियान के तहत 760 उपभोक्ताओं ने जीते एलईडी बल्ब

बीआरपीएल के जीरो बैलेंस अभियान के तहत मार्च में लकी ड्रॉ किया गया जिसमें बीआरपीएल के 19 डिवीजनों के 10–10 उपभोक्ताओं को 5–5 एलईडी बल्ब का जीतने का मौका मिला। कुल 760 उपभोक्ताओं को एलईडी बल्ब जीतने मौका मिला। विजेताओं के नाम बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर डिस्प्ले कर दिया गया है।

बंपर लकी ड्रॉ का आयोजन 6 अप्रैल 2015 को बीआरपीएल के हेडक्वॉर्टर नेहरु प्लेस में सुबह 10 बजे किया जाएगा। तीन भाग्यशाली विजेताओं को 40 इंच एलईडी टीवी, रेफ्रीजरेटर और वाशिंग मशीन जीतने का मौका प्राप्त होगा।

दलालों और ठगों से सावधान रहें!

दलालों और ठगों से छुटकारा दिलाने में आप हमारी सहायता करें। बीआरपीएल के सामने ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं जिनमें सीधे सादे और अनजान उपभोक्ताओं को असामाजिक तत्वों द्वारा ठगी का शिकार बनाया जा रहा हैं। दलालों और ठगों द्वारा बीएसईएस के कार्य को तेजी से करवाने जैसे झूठे आश्वासनों में उपभोक्ता फंस चुके हैं।

कृपया याद रखें:

- बीआरपीएल का कोई भी स्टाफ अथवा प्रतिनिधि बीआरपीएल की तरफ से आपके घर से नकद में भुगतान वसूलने के लिए अधिकृत नहीं है।
- एन्फोर्समेंट से सबंधित सभी तरह के जुर्माने, फाइन आदि का भुगतान बीआरपीएल के ऑफिस में ही हो सकता है।
- जब भी कोई व्यक्ति आपके यहां बीएसईएस प्रतिनिधि के रूप में पहुंचता है, तो सबसे पहले उनका पहचान पत्र देखें।
- जैसे ही उपभोक्ताओं को कुछ शक हो, वे तुरंत निकटतम बीआरपीएल के एन्फोर्समेंट टीम के नंबर 011–26273311 पर कॉल कर, इसके बारे में सूचित करें या, *फिर 100 नंबर पर पुलिस को बताएं।

** सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5.30 तक।*
अन्य दिनों या 5 बजे के बाद, कृपया 399–99–707 पर कॉल करें।

बिजली चोरी कानूनन अपराध

विद्युत अधिनियम 2003 के तहत अनाधिकृत एवं गैर कानूनी तरीके से बिजली का इस्तेमाल करना कानूनन जुर्म है। इस अधिनियम के तहत भारी जुर्माने का प्रावधान है। यह गैर जमानती अपराध है जिसके तहत तीन साल तक जेल की सजा / जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

बिजली चोरी की सूचना 399–99–707 पर कर सकते है। आपकी पहचान को गोपनीय रखा जाएगा।

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 399-99-707, Website www.bsesdelhi.com

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy